परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय – 2

अणुशक्तिनगर , मुंबई

आवधिक परीक्षा – 1 [2023- 24]

विषय – हिंदी [तृतीय भाषा]

कक्षा – आठवीं　　　　अंक – 20　　　　समय – 1 घंटा

प्र. 1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4

जो नदी है उसमें बड़े-बड़े यात्री जहाज चलते हैं | इस देश के भी और हंगरी के भी | कल हमने देखे | यहाँ फुटबाल बहुत खेलते हैं | 14 से 20 अप्रैल तक यहाँ विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप होने वाली है | एकाध रोज देखेंगे | बाज़ार-बाज़ार में 20-20 मंजिल , 10-10 मंजिल की बिल्डिंगे हैं | यहाँ इस शहर में हज़ारों वर्षों पहले आए भारतीयों की संतानें हैं – यूरोयीय मालूम होते हैं यहीं की वेशभूषा , भाषा | लड़के स्केटिंग के बहुत शौक़ीन हैं |

(क)नदी में किस देश के यात्री जहाज चलते हैं ?

(ख) यहाँ कौन सा खेल खेलते हैं ?

(ग) लड़के किसके शौकीन हैं ?

(घ) भारतीयों की संताने कैसी लगती हैं ?

प्र.2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ का अंतर वाक्य द्वारा स्पष्ट कीजिए - 2

सुख - सूख , सुना – सूना

(ख) ‘मैं’ के स्थान पर ‘हम’ लिखते हुए दिए गए वाक्यों को पुनः लिखिए - 2

1. मैं जब मेले मैं जा रहा था तब बारिश होने लगी |

2. मैं तुम्हें कुछ नहीं बताऊँगी |

(ग) नीचे लिखे हुए शब्दों के रूप बदलकर सही जगह भरिए - 2

जैसे - चमक - चमकना

[दमक , सरक , बिखर , बन]

(क) जरा- सा रगड़ते ही हीरे ने ------------------------ शुरु कर दिया |

(ख) साँप ने धीरे-धीरे -------------------- शुरू कर दिया |

(ग) लकी को मूर्ख ------------------------ तो बहुत आसान है |

(घ) तुमने अब खिलौने ------------------ बंद कर दिए |

प्र.3 निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2 * 5 = 10

(क) 'गुड़िया' कविता में जिस गुड़िया की चर्चा है वह कैसी है ?

(ख) गुड़िया को कौन , कहाँ से और क्यों लाया है ?

(ग) देखो जी , चिड़ियों को मत निकालो | माँ ने पिता जी से गंभीरता से क्यों कहा ?

(घ) कमरे में फिर से शोर होने पर भी पिता जी अबकी बार गौरैया की तरफ देखकर मुसकराते क्यों रहे ?

(ङ) 'चिट्ठियों में यूरोप' इस पत्र का लेखक किस शहर और देश की यात्रा पर गया ?

(च) 'ओस' कविता में रतन किसे कहा गया ?

(छ) ओस के कणों को देखकर कवि 'सोहनलाल द्विवेदी' का मन क्या करना चाहता था ?

****